## एक नजर में

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद का पुरस्कार वितरण समारोह



**धार .** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई धार के तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह पाटीदार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धार के विशाल तथा सुसज्जित सभागृह में विद्यालय के प्राचार्य श्री तरुण मुरमकर के मुख्य आतिथ्य, परिषद के जिला अध्यक्ष शरद जोशी 'शलभ' की अध्यक्षता, शिक्षाविद डॉ.श्रीकान्त द्विवेदी और मंचीय कवयित्री अर्चना हृदय मुकाती के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वन्दना कवयित्री अर्चना हृदय मुकाती ने सस्वर प्रस्तुत की। तत्पश्चात परिषद के द्वारा भारतीय परिवार परम्परा विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के जिन विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा-पत्र, पुस्तक एवं कलम प्रदान कर पुरस्कृत किया गया उनमें श्री आयुष बोड़ाना, पाटीदार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धार प्रथम। कु. वंशिका जाट, मां शारदा विद्या मंदिर धार, द्वितीय तथा कु. सोनम सोलंकी, शासकीय माडल स्कूल तिरला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. श्री द्विवेदी ने भारतीय परिवार परम्परा विषय पर अपने विद्वतापूर्ण विचार अभिव्यक्त किए।

### सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**धार।** मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय धार के विद्यार्थियों द्वारा पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित 'जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह' में अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में केंद्रीय मंत्री माननीय श्रीमती सावित्री ठाकुर जी , धार विधायक माननीय श्रीमती नीना वर्मा जी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जी, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक चौधरी जी , सहायक आयुक्त श्री नरोत्तम बरखड़े जी सहित बड़ी संख्या में आमजन भी मौजूद थे। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र के निर्देशन में स्कूल के छात्र छात्रा कु पूनम ठाकुर, एंजेल डोडिया, आराध्या पाटीदार ,क्षणिका चौहान, कृतिका ग्रेवाल, प्रज्ञा चौहान, हिमांशी पाटीदार,पलक मौर्य, पूजा नायक,अंजली , गौरी, लकी बघेल ने नृत्य नाटिका 'म्हारो प्यारो मध्यप्रदेश' और आदिवासी नृत्य को मंच पर प्रस्तुत किया जिसे विशिष्टजनों एवं दर्शकों के द्वारा मुक्तकंठ से सराहा गया। नृत्य नाटिका का संयोजन शिक्षिका श्रीमती प्रीति सक्सेना ने किया। गायन सहयोग श्रीमती कुसुम लश्करी एवं श्रीमती ज्योति उईके का रहा। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, लोकगौरव और प्रतिभा का संगम बना यह समारोह न केवल रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा, बल्कि 'प्रदेश की आत्मा और गौरव का प्रतीक' बनकर अविस्मरणीय बन गया।

### मध्य प्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया




**बाकानेर ।** शासकीय पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मध्य प्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर छात्राओ के लिए रंगोली प्रतियोगिता चित्र कला प्रतियोगिता खेलकूद प्रतियोगिता नृत्य प्रतियोगिता आदि रखी गई छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मध्य प्रदेश का मानचित्र बनाया संकुल प्राचार्या श्रीमती किरण वास्केलअशोक ने इस अवसर पर कहा कि स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर हम सभी प्रदेशवासियों का यह कर्तव्य है कि हम प्रदेश को सशक्त,उन्नत और विकसित बनाने की शपथ लें । सभी नागरिक अपनी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें । मध्य प्रदेश गीत 'सुख का दाता सबका साथी' के साथ कार्यक्रम की शुरुआतहुई। विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की विरासत को चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से प्रदर्शित किया ।इस अवसर परमध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान संबंधित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।एक पौधा मां के नाम पौधारोपण भी किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुनीता लोदीया ने किया ।इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम हेतु बैठक आयोजित



**बाकानेर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में 15 नवंबर को उमरबन ब्लॉक में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाएगी 15 नवंबर के कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार करने को उद्देश्य से शनिवार को उमरबन में जनजाति विकास मंच द्वारा एक बैठक रखी गई बैठक के मार्गदर्शन हेतु विभाग प्रचारक श्री दिनेश जी तेजरा जिला विधि प्रमुख श्री चंद्रपालसिंह जी ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष अमित जी चौहान सहित जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरपंचगण उपस्थित थे बैठक को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक श्री दिनेश जी तेजरा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु कार्य योजना बनाई तथा कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती आदिवासी संस्कृति एवं पारंपरिक तरीके से मनाई जाएगी

### संपूर्ण रिति-रिवाज से कराया भगवान शालिग्राम और तुलसी माता का विवाह



**झाबुआ।** वरिष्ठ अभिभाषक उमंग सक्सेना परिवार एवं माहेश्वरी समाज द्वारा स्थानीय माहेश्वरी मंदिर पर तुलसी विवाह के उपलक्ष में दो दिवसीय आयोजन किए गए। जिसमें पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ तथा संपूर्ण रिति-रिवाज से भगवान शालिग्राम और माता तुलसीजी का विवाह करवाया गया। आयोजन के क्रम में प्रथम दिन 1 नवंबर, शनिवार शाम 6.30 बजे माहेश्वरी मंदिर पर महिला संगीत एवं हल्दी-मेहंदी का आयोजन हुआ। दूसरे दिन 2 नवंबर, रविवार रविवार शाम 5.30 बजे से वरिष्ठ अभिभाषक उमंग सक्सेना के निवास से ढोल-धमाकों और बैंड-बाजों के साथ बारात निकाली गई। शाम 7 बजे से विवाह रस्म संपन्न हुई।

## पद्मजा गौशाला में गौ -माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर लंपी वायरस से रोकथाम हेतु टीके लगाए

- पद्मजा गौशाला में स्वास्थ्य शिविर लगाकर करीब 30 गौमाता एवं बछड़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया
- वरिष्ठ सेवाभावी पशु चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया का किया गया सम्मान

**झाबुआ।** राष्ट्रीय गौ-सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन दुबे के निर्देशानुसार आरजीएसएस की जिला इकाई द्वारा 2 नवंबर, रविवार सुबह 9.30 बजे से शारदा विद्या मंदिर बिलिडोज स्थित पद्मजा गौशाला में युवा भजन गायक उमेश पांडे के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना एवं ईश्वर से उन्हें जल्द ही पूर्णत: स्वस्थ करने हेतु जीव सेवा के तहत गौ-माताओं को पोष्टीक करवाया गया। बाद सुबह 10 से दोपहर 12 बजे पद्मजा गौशाला में स्वास्थ्य शिविर रखा गया। जिसमें पशु चिकित्सालय झाबुआ के वरिष्ठ सेवाभावी चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया ने समस्त गौ-माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर लंपि वायरस से रोकथाम के दृष्टिगत सभी को टीके लगाए गए। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया का आरजीएसएस द्वारा सम्मान भी किया गया।

राष्ट्रीय गौ-सेवा संघ के जिला परामर्शदाता शंभुसिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री राकेश शाह, जिलाध्यक्ष राजेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र व्यास, जिला सह-सचिव रितेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी आदि ने सर्वप्रथम



पद्मजा गौशाला में गौ-माताओं को पोष्टीक आहार के रूप में फल एवं हरी सब्जियां खिलाई। बाद गौशाला की व्यवस्थाएं देखी गई। पशु चिकित्सालय के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाकर गौशाला में निवासरत में करीब 30 गौमाता एवं बछड़ों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ एक गौमाता के बछड़े के पैर पर हल्की चोट होने से उसका उपचार आरजीएसएस के सह-सचिव रितेश शर्मा के सहयोग से करवाने के साथ सभी गौ-माताओं एवं बछड़ों को टीके लगाए गए। यह कार्यक्रम करीब 2 घंटे तक चला।

**पशु चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया का किया सम्मान**

इस अवसर पर आरजीएसएस के सभी पदाधिकारियों ने ईश्वर से युवा भजक गायक उमेश पांडे के जल्द ही पूर्णत: स्वस्थ होकर घर लौटने हेतु प्रार्थना भी की। समापन पर पशु चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध रूप से प्रदान की जा रहीं जीव सेवा के लिए उनका आरजीएसएस ने शाल-श्रीफल से अभिनंदन कर सेवाओं की सराहना की। अंत में आभार आरजीएसएस के जिलाध्यक्ष राजेश चौहान ने माना।




## शासकीय कन्या महाविद्यालय में सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई

- विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**झाबुआ।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रमुख डॉ. अंजना सोलंकी एवं महाविद्यालय परिवार ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति समदरिया त्रिपाठी ने कार्यक्रम के विषय एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोह पुरुष की 150वीं जयंती पर सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत को सम्मान देने के लिए 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 31 अक्टूबर को की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को लोह पुरुष के जीवन से जुड़ी कई बातें बताई और कहा कि हमें एक होकर रहना है और देश को मजबूत बनाना है। देशहित में जाति, धर्म, लिंग भेद को भूलकर केवल ये याद रखना है कि हम सब एक है, क्योकि एकता में ही शक्ति होती है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन

- स्वदेशी से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा - सावित्री ठाकुर केंद्रीय राज्यमंत्री
- स्वदेशी संकल्प हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है - मुख्य वक्ता उषा ठाकुर




**धार ।** आत्मनिर्भर भारत सकल्प अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव के तहत जिला महिला मोर्चा द्वारा रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री व महू विधायक उषा ठाकुर दीदी मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री धार सांसद सावित्री ठाकुर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना वर्मा ने सम्मेलन को संबोधित किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम सौलंकी, आत्मनिर्भर भारत सकल्प अभियान जिला संयोजक प्रेमचंद परमार जनपद बदनावर उपाध्यक्ष ममता पाटीदार मंचासीन रहें।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि हम सभी देशवासी स्वदेशी अपनाएं इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा। हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं का दैनिक जीवन में इस्तेमाल करना चाहिए। इससे स्थानीय, देश के लोगों को रोजगार मिलने के साथ देश का पैसा देश में ही रहेगा। नारी वंदन बिल पास कर मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया। प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार ने महत्वपूर्ण लाडली बहना योजना से प्रदेश की नारी आत्मनिर्भर हो रही है।

उषा ठाकुर ने कहा कि आज देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, स्वदेशी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। स्वदेशी संकल्प हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी को इस संकल्प को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। स्वदेशी संकल्प केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी मातृभूमि के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण है। आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबन की एक झलक है। समाज संस्कारित होगा तो देश संस्कारित होगा और देश संस्कारित होगा तो राष्ट्र संस्कारित होगा यही हमारा मूल मंत्र है।

निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प पूरा हो रहा है की देश में शोषित वंचित महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है। मोदी जी के नेतृत्व में सेना का नेतृत्व देश की नारी कर रही है। यह हम सब के लिए गर्व की बात है।

## श्री ऋषभदेव बावन जिनालय के सभी शिखरों पर किया जाएगा ध्वजारोहण

- प्रभु की रथ यात्रा निकाली जाएगी

**झाबुआ।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा जैन तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय के सभी शिखरों पर 5 नवंबर, बुधवार को ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभु की भव्य रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। समस्त आयोजन परम् पूज्य साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की पावनकारी निश्रा में संपन्न होंगे।

जानकारी देते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि बावन जिनालय में निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रात: 6.30 बजे भक्तामर स्त्रोत एवं गुरू गुण इक्कीसा पाठ, 7 बजे से विजयी मुर्हुत में बावन



जिनालय के सभी शिखरों पर ध्वजारोहण निमित्त सत्तरभेदी पूजन का लाभ डॉ. गौरवकुमार जितेन्द्रकुमार, छबीलचंद रूनवाल परिवार द्वारा लिया गया है। पूजन विधिकारक ओएल जैन श्री आदिनाथ राजेन्द्र जयंत संगीत मंडल द्वारा संपन्न करवाई जाएगी। 8 बजे से जिनालय के सभी 52 शिखरों पर ध्वजारोहण लाभार्थी परिवारों द्वारा किया जाएगा। 9.30 बजे बावन जिनालय से प्रभुजी की बैंड-बाजों एवं ढोल-धमाकों के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी।

10.30 बजे श्री शत्रुंजय तीर्थपट के समक्ष देववंदन एवं आरती की जाएगी। इस दौरान भाता के लाभार्थी दिलीपकुमार केसरीमल, समय राठौर परिवार है। दोपहर 12.30 बजे से श्री संघ की ओर से सभी के लिए साधर्मी वात्सल्य का आयोजन श्री ऋषभदेव बावन जिनालय धर्मशाला में रखा गया है। दोपहर 1.30 बजे से श्री सिद्धाचल नवांणु प्रकार पूजन का लाभ स्व. बाबुलाल नवलखा की स्मृति में जतनबेन नवलखा, यतिन्द्र, हार्दिक नवलखा परिवार द्वारा लिया जाएगा। मुख्य मूलनायक आदिनाथ भगवान के शिखर पर ध्वजा का लाभ स्व. केसरीमल की स्मृति में दिलीप, विशाल, समय राठौर परिवार सहित समस्त 52 शिखरों पर लाभार्थी परिवारों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ ध्वज फहराया जाएगा। दादा गुरूदेव की ध्वजा के लाभार्थी लीलाबाई शांतिलाल भंडारी परिवार है एवं सांभरण के कलश की अष्टप्रकारी पूजन का लाभ सुजानमल, चन्द्रसेन, प्रकाश, अभय, प्रदीप जैन परिवार द्वारा लिया गया है।



## 240 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण, 15 रोगी भर्ती

**पेटलावद।** गायत्री मंदिर परिसर स्थित सुमन अस्पताल में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उज्जैन के आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सौजन्य से उदय भारती सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समन्वित किया गया। आयोजन में दादूजी महाराज संस्थान, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, सेवा भारती, पत्रकार संघ सहित कई सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग अधिकारी आकाश जी चौहान, आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. वी. के. महाडिक, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.एस के महाजन एवं अन्य वरिष्ठ जनों ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। शिविर के दौरान डॉ. वी. के. महाडिक ने बताया कि कॉलेज द्वारा हर महीने की 10 और 30 तारीख को जिले के ग्रामीण एवं वनवासी अंचलों में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनका मुख्यालय पेटलावद रहेगा।

**एक नजर** जिला आबकारी अधिकारी व निरीक्षक का शराब माफियाओं को मिल रहा खुला संरक्षण

## जिलेभर में दस हजार से अधिक अवैध शराब के काउंटर संचालित हो रहे : जयस अध्यक्ष डामोर

- युवा नेता मथियास भूरिया ने जिला आबकारी विभाग की सांठगांठ से जिले में हो रहे अवैध शराब परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने की मांग की

**झाबुआ।** स्थानीय कृषि उपज मंडी के समीप निजी रेस्टोरेंट के सभा कक्ष में 2 नवंबर, रविवार दोपहर 1 बजे से रानापुर के पूर्व जनपद सदस्य एवं युवा नेता मथियास भूरिया द्वारा पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें युवा नेता मथियास भूरिया ने जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षकों की मिलीभगत से ही जिले में तेजी से फल-फूल रहे अवैध शराब का कारोबार होने का आरोप लगाया। साथ ही अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विरोध करने पर गुंडागर्दी करने और मारपीट करने की भी बात कहीं। मथियास भूरिया ने कहा कि वह एवं उनके कार्यकर्ता इस मामले को लेकर 3 नवंबर, सोमवार से कलेक्टोरेट में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठेंगे, यदि प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली, तो माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी नहीं चूकेंगे।

पत्रकारवार्ता में युवा नेता मथियास भूरिया ने बताया कि जिले में वर्तमान में अवैध शराब के 10 हजार से अधिक काउंटर चल रहे है। गांव-गांव, फलियों-फलियों में महिलाओं और बच्चें शराब बेच रहे है। झाबुआ जिले से अवैध शराब का परिवहन गुजरात में भारी मात्रा में हो रहाहै। जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक ऐसे अवैध शराब माफियाओं को खुला



संरक्षण दे रहे है और उन पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रहीं है। जिला आबकारी अधिकारी स्थानीय क्षेत्रीय विधायक की रिश्तेदार होने से उन पर कलेक्टर द्वारा भी कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है ?, पूर्व जनपद सदस्य भूरिया ने कहा कि उनके पास जिले में अवैध शराब के हो रहे परिवहन और बिक्री के मय दस्तावेज मौजूद है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को मय प्रूफ के शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं की जा रहीं है। युवाओं, महिलाओं और बच्चों को भी शराब के धंधे में लिप्त कर उनके जीवन को बर्बाद करने का कार्य किया जा रहा है।

**अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के साथ न्यायायल जाएंग**-मथियास भूरिया ने पत्रकारवार्ता में खुले रूप से कहा कि उनके पास अवैध शराब माफियाओं की गुंडागर्दी और विरोध करने पर मारपीट करने के मय फोटो और समस्त दस्तावेज है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले में यदि कार्रवाई नहीं की जाती है, तो उन्होंने 3 नवंबर से कलेक्टोरेट में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। यदि आंदोलन की अनुमति नहीं मिली, तो फिर माननीय न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे, लेकिन दोषियों को सजा दिलवाकर रहेंगे। इस अवसर पर जयस के जिला कार्यवाहक माधुसिंह डामोर ने कहा कि हम सभी जिले में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर रोक को लेकर एकजुट है। जब तब इस मामले में दोषी अधिकारियों और बड़े शराब माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व में इस मामले में विरोध करने पर हम पर शराब माफियाओं द्वारा पुलिस थाने में झूठी एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। मथियास भूरिया ने आयकर विभाग से मांग करते हुए कहा कि जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक सहित शराब माफियाओं के संपत्ति की जांच करवाई जाएं, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। पत्रकारवार्ता में युवा कार्यकर्ताओं में दीवान डामोर, काना देवदा, सुरेश भूरिया आदि भी उपस्थित रहे।